भारत सरकार

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 3214

उत्तर देने की तारीख 04.08.2022

उद्यम सखी पोर्टल

3214. श्री अजय निषादः
श्री अशोक कुमार यादवः

क्या सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार द्वारा शुरू किया गया 'उद्यम सखी पोर्टल' महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में सक्षम रहा है;

(ख) यदि हां, तो देश में विशेषरूप से बिहार में उद्यम सखी पोर्टल के अंतर्गत महिला लाभार्थियों का ब्यौरा क्या है;

(ग) उक्त पोर्टल पर लाभार्थियों को कौन-कौन सी सेवाएँ दी जाती हैं और बिहार में दरभंगा और मधुबनी में प्रत्येक सेवा से लाभान्वित लाभार्थियों की संख्या कितनी है;

(घ) सरकार द्वारा वर्ष 2018 से बिहार में उक्त पहल पर खर्च की गई राशि का जिले-वार ब्यौरा क्या है;

(ङ) बिहार में उद्यम सखी पोर्टल से लाभान्वित अनुसूचित जातियों, अन्य पिछड़ा वर्गों और अनुसूचित जनजातियों और सामान्य वर्ग की महिला लाभार्थियों का ब्यौरा क्या है;

(च) उक्त पोर्टल द्वारा सामाजिक उद्यमों को किस प्रकार बढ़ावा दिया जा रहा है; और

(छ) क्या यह सामाजिक असमानता दूर करने में सफल रहा है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री

(श्री भानु प्रताप सिंह वर्मा)

(क) और (ख) उद्यम सखी पोर्टल (http://udyamsakhi.msme.gov.in) का शुभारंभ मौजूदा और भावी महिला उद्यमियों को सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई) की वित्तीय स्कीमों, नीतियों और कार्यक्रमों से संबंधित सूचना प्रदान करने के लिए मार्च 2018 में किया गया था। यह पोर्टल महिलाओं को अपना व्यवसाय शुरू करने, निर्मित करने और बढ़ाने में सहायता करता है। इस पोर्टल में अब तक कुल 4207 महिलाएं पंजीकृत हुई हैं, जिनमें से 943 महिलाएं बिहार राज्य से हैं।

(ग) और (घ) उद्यम सखी पोर्टल (i) एमएसएमई मंत्रालय/अन्य केन्द्रीय मंत्रालयों की वित्तीय स्कीमों जैसे कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी); सूक्ष्म और लघु उद्यमों के लिए क्रेडिट गारंटी न्यास निधि (सीजीटीएमएसई); मुद्रा; आदि, (ii) एमएसएमई मंत्रालय और अन्य केन्द्रीय मंत्रालयों की नीतियां और कार्यक्रम; (iii) व्यवसाय योजना की तैयारी; (iv) संबंधित राज्यों और देश में एमएसएमई मंत्रालय के नोडल कार्यालयों/सहायक संगठनों का ब्यौरा; (v) एमएसएमई मंत्रालय द्वारा आयोजित/सहायता-प्राप्त प्रदर्शनियों, व्यापार मेलों और अंतर्राष्ट्रीय आयोजनों के बारे में जानकारी, आदि से संबंधित सूचना प्रदान करने के लिए एक मंच है।

बिहार के दरभंगा और मधुबनी से पंजीकृत लाभार्थियों की संख्या क्रमशः शून्य और 607 है। उद्यम सखी पोर्टल के विकास के लिए 43.52 लाख रू. व्यय किया गया है।

(ङ) दिनांक 01.08.2022 की स्थिति के अनुसार, बिहार राज्य से उद्यम सखी पोर्टल पर पंजीकृत महिलाओं का श्रेणी-वार ब्यौरा निम्नानुसार है:

सामान्य	अन्य पिछड़ा वर्ग	अनुसूचित जाति	अनुसूचित जनजाति
117	186	195	445

(च) और (छ) उद्यम सखी पोर्टल महिला उद्यमियों को सरकारी स्कीमों, नीतियों और कार्यकलापों पर जानकारी का प्रसार करने में सहायता प्रदान करता है और इस प्रकार महिला सशक्तिकरण में सहायता प्रदान कर रहा है।

****